प्रश्न–पत्र पुस्तिका
**QUESTION PAPER BOOKLET**

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 40
Number of Pages in Booklet : 40

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
Number of Questions in Booklet :100

समय / Time : 2 घंटे / 2 Hours

**D** बुकलेट सीरीज़

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

# INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. Each question carry one mark.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. Answers are to be marked on the OMR Answer Sheet, provided separately.
5. Each question has four options, marked serially as 1,2,3,4 out of which only one is correct. Candidate has to darken only one circle or bubble by right method indicating the correct answer on the Answer Sheet using only **BLACK/ BLUE INK BALL POINT PEN**.
6. There is no Negative Marking.
7. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
8. Please fill your Roll Number and Series printed on Question Paper Booklet on O.M.R. Answer Sheet, carefully and correctly.
9. Answer to the question by darkening multiple circles/spreading of ink or darkening the circle by wrong method shall not be evaluated.
10. Answer to the question by using whitener or eraser or using any other method to erase the darkened circle, shall not be evaluated.
11. Use only blue/black ink ball point pen in OMR answer sheet. In case of use of pencil or ball point pen of any other ink, answer sheet shall not be evaluated.

**Warning : Candidate using unfair means in the exam will be disqualified & action as per law shall be taken.**

# निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. प्रश्नों के उत्तर पृथक से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित करें।
5. प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1,2,3,4 अंकित किया गया है, जिनमें से एक सही है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को **काली / नीली स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करते हुए सही तरीके से गहरा करना है।
6. कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।
7. परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र पूर्णतः वर्जित है। किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी वर्जित सामग्री पाये जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
8. कृपया अपना रोल नम्बर एवं प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर अंकित सीरीज़ ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानी पूर्वक एवं सही भरें।
9. एक से अधिक गोले भरने / स्याही फैलाने या गलत तरीके से गोला भरने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
10. भरे गये गोले को व्हाइटनर या रबड़ या किसी अन्य तरीके से मिटाने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
11. ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में केवल नीली / काली स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें। पेंसिल या अन्य किसी स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करने पर उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

**चेतावनी : परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा एवं विधिनुसार कार्यवाही की जायेगी।**

1. "क" अतिचार बाबत प्रतिकर के लिए "ख" पर वाद लाता है। "ख" के पास "क" का रुपये 50000/– का बंधपत्र है। सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 8 नियम 6 के अन्तर्गत वाद में "क" को अभिनिर्णित की जाने वाली राशि में से उक्त रुपये 50000/– मुजरा करने की मांग "ख"

(1) नहीं कर सकता क्योंकि "क" और "ख" की रुपये के संदाय के सम्बन्ध में हैसियत अलग अलग हैं

(2) नहीं कर सकता क्योंकि जैसे ही "क" के हक में अधिनिर्णय हो जाता है, "ख" की दो हैसियतें हो जाती हैं

(3) कर सकता है क्योंकि जैसे ही "क" के हक में अधिनिर्णय हो जाता है, वैसे ही दोनों राशियां निश्चित धन सम्बन्धी मांगे हो जाती हैं

(4) नहीं कर सकता क्योंकि दोनों राशियां निश्चित नहीं है

"A" sues "B" for compensation on account of trespass. "B" holds a promissory note for Rs. 50000/- from "A". Under Order 8 Rule 6 of the Code of Civil Procedure, 1908, to setoff that amount of Rs. 50000/- from any sum to be recovered from "A" in the suit, "B" :-

(1) cannot claim because the different characters of "A" & "B" regarding payment of amount

(2) cannot claim because as soon as "A" recovers, "B" has two different characters

(3) can claim because as soon as "A" recovers, both sums are definite pecuniary demands

(4) cannot claim because the both sums are not definite

2. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 80 के अन्तर्गत दिये जाने वाली लिखित सूचना के सम्बन्ध में कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) वाद हेतुक का एवं अनुतोष का कथन करना आवश्यक है।

(2) वादी का नाम, वर्णन और निवास स्थान का कथन करना आवश्यक है।

(3) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार के अलावा यदि अन्य प्रतिवादीगण हैं तो सभी प्रतिवादियों का नाम, वर्णन और निवास स्थान का कथन आवश्यक है।

(4) ऐसे नोटिस को परिदत्त किए जाने के पश्चात दो मास के अवसान पर वाद–पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

Which of the following statement is not correct regarding the notice in writing given under Section 80 the Code of Civil Procedure, 1908?

(1) It is necessary to state the cause of action and the relief.

(2) It is necessary to state the name, description and the place of residence of the plaintiff.

(3) If the defendants are other than Central Government /State Government, then, it is necessary to state the name, description and the place of residence of all the defendants.

(4) The plaint can be presented after expiration of two months from the delivery of such notice.

3. निम्न में से कौनसा सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 116 का एक दृष्टांत है?

(1) पट्टाकृत सम्पत्ति का नया पट्टा एक पट्टेदार अपने पट्टेकर्ता के वर्तमान पट्टे के चालू रहने के दौरान प्रभावी होने के लिए प्रतिगृहीत करता है।

(2) पट्टाकर्ता 'क' पट्टेदार 'ख' को पट्टे पर दी गई सम्पत्ति को छोड़ देने के लिए सूचना देता है। सूचना का अवसान हो जाता है। उस भाटक की निविदा, जो सूचना के अवसान से सम्पत्ति मद्दे शोध्य हुआ हो 'ख' करता है और 'क' उसे प्रतिगृहीत कर लेता है।

(3) 'ख' को 'क' एक फार्म 'ग' के जीवनपर्यन्त के लिए पट्टे पर देता है। 'ग' की मृत्यु हो जाती है, किन्तु 'क' की अनुमति से 'ख' कब्जा बनाये रखता है।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which of the following is an illustration of Section 116 of the Transfer of Property Act, 1882?

(1) A lessee accepts from his lessor a new lease of the property leased, to take effect during the continuance of the existing lease.

(2) "A", the lessor, gives, "B", the lessee, notice to quit the property leased. The notice expires. "B" tenders and "A" accepts, rent which has become due in respect of the property since the expiration of the notice.

(3) "A" lets a farm to "B" for the life of "C". "C" dies, but "B" continues in possession with "A's" assent.

(4) None of the above

4. निम्न कथनों में कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) राज्यसभा के उपसभापति के रूप में पद धारण करने वाला सदस्य यदि राज्य सभा का सदस्य नहीं रहता है तो अपना पद रिक्त कर देगा।

(2) राज्यसभा के उपसभापति के रूप में पद धारण करने वाला सदस्य किसी भी समय सभापति को सम्बोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा।

(3) राज्यसभा के उपसभापति के रूप में पद धारण करने वाला सदस्य राज्य सभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा अपने पद से हटाया जा सकेगा।

(4) राज्यसभा के उपसभापति के रूप में पद धारण करने वाले सदस्य को तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक साबित असमर्थता के आधार पर ऐसे हटाये जाने के लिए राज्य सभा द्वारा अपनी कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा समर्थित संकल्प पर भारत के राष्ट्रपति ने आदेश नहीं दे दिया है।

Which of the following statement is not correct?

(1) A member holding office as Deputy Chairman of the Council of States shall vacate his office if he ceases to be a member of the council.

(2) A member holding office as Deputy Chairman of the Council of States may at any time, by writing under his hand addressed to the chairman, resign his office.

(3) A member holding office as Deputy Chairman of the Council of States may be removed from his office by resolution of the Council passed by a majority of all the then members of the Council.

(4) A member holding office as Deputy Chairman of the Council of States shall not be removed from his office except by an order of the President of India passed after an address by Council of States supported by a majority of the total members on the ground of proved incapacity.

5. परिसीमा अधिनियम, 1963 के प्रावधानानुसार वाद तथा अनुच्छेद जिसमें परिसीमा अवधि विहित है, का सही मिलान कीजिए –

| वाद | | अनुच्छेद जिसमें परिसीमा अवधि विहित की गई है | |
|---|---|---|---|
| (1) | उस धन के लिए जो उधार दिए गये धन के बाबत संदेय हो | (अ) | अनुच्छेद 54 |
| (2) | भाटक की बकाया के लिए वाद | (ब) | अनुच्छेद 19 |
| (3) | किसी संविदा के विनिर्दिष्ट पालन के लिए वाद | (स) | अनुच्छेद 52 |
| (4) | बंधकदार द्वारा पुरोबंध के लिए वाद | (द) | अनुच्छेद 63 |

**(1)** (1) – (ब)
(2) – (स)
(3) – (द)
(4) – (अ)

**(2)** (1) – (ब)
(2) – (स)
(3) – (अ)
(4) – (द)

**(3)** (1) – (स)
(2) – (द)
(3) – (अ)
(4) – (ब)

**(4)** (1) – (द)
(2) – (ब)
(3) – (अ)
(4) – (स)

According to the provisions of Limitation Act, 1963, match correctly the suit and article thereof in which period of limitation is prescribed -

| Suit | | Article wherein period of limitation is prescribed | |
|---|---|---|---|
| (1) | For money payable for money lent | (a) | Article 54 |
| (2) | For arrears of rent | (b) | Article 19 |
| (3) | For specific performance of a contract | (c) | Article 52 |
| (4) | For forclosure by a mortgagee | (d) | Article 63 |

**(1)** (1) - (b)
(2) - (c)
(3) - (d)
(4) - (a)

**(2)** (1) - (b)
(2) - (c)
(3) - (a)
(4) - (d)

**(3)** (1) - (c)
(2) - (d)
(3) - (a)
(4) - (b)

**(4)** (1) - (d)
(2) - (b)
(3) - (a)
(4) - (c)

**6.** निम्न में से कौनसी शक्ति उस न्यायालय में निहित नहीं है जिसे डिक्री निष्पादन हेतु अंतरित की गई है?

**(1)** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 39 के अधीन किसी अन्य न्यायालय को निष्पादन के लिए डिक्री भेजने की शक्ति

**(2)** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 50 के अधीन मृत निर्णीत–ऋणी के विधिक प्रतिनिधि के विरुद्ध डिक्री का निष्पादन करने की शक्ति

**(3)** डिक्री के अन्तरिती की प्रेरणा से निष्पादन का आदेश देने की शक्ति

**(4)** डिक्री को कुर्क करने का आदेश देने की शक्ति

Which of the following power is not vested in the court to which the decree was sent for execution?

(1) Power to send the decree for execution to another court under Section 39 of the Code of Civil Procedure, 1908

(2) Power to execute the decree against the legal representative deceased judgment debtor under Section 50 of the Code of Civil Procedure, 1908

(3) Power to order execution at the instance of the transferee of the decree

(4) Power to order attachment of a decree

7. निम्न में से कौनसा मामला भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के अंतर्गत उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में न्यायिक पुनर्विलोकन परिधि से सम्बन्धित है?

(1) अन्ना मैथ्यूज बनाम भारत संघ

(2) अन्ना मैथ्यूज बनाम भारत का उच्चतम न्यायालय

(3) अन्ना मैथ्यूज बनाम भारत का राष्ट्रपति

(4) अन्ना मैथ्यूज बनाम केरल राज्य

Which of the following cases, is related to the ambit of judicial review in the matter of appointment of judges to High Courts under Article 217 of the Constitution of India?

(1) Anna Mathews Vs. Union of India

(2) Anna Mathews Vs. Supreme Court of India

(3) Anna Mathews Vs. President of India

(4) Anna Mathews Vs. State of Kerala

8. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 126 के अंतर्गत निम्न में से कौनसी संसूचना प्रकटन से संरक्षित नहीं है?

(1) कक्षीकार अपने वकील से कहता है कि उसने "क" की गोली मारकर हत्या की है और वह चाहता है कि वह वकील उसकी प्रतिरक्षा करे।

(2) कक्षीकार अपने वकील से कहता है कि उसने अमुक सम्पत्ति पर कब्जा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर प्राप्त किया है और वह चाहता है कि वह वकील उसकी प्रतिरक्षा करे।

(3) कक्षीकार अपने वकील से कहता है कि वह कूटरचित वसीयत के आधार पर अमुक सम्पत्ति अभिप्राप्त करना चाहता है और इस आधार पर वह वाद लाए।

(4) उपरोक्त सभी

Which of the following communications, is not protected from disclosure under Section 126 of the Indian Evidence Act, 1872?

(1) The client says to his advocate that he has murdered "A" by shooting and he wishes that advocate is to defend him.

(2) The client says to his advocate that he has obtained the possession of the property on the basis of forged documents and he wishes that advocate is to defend him.

(3) The client says to his advocate that he wishes to obtain possession of the property on the basis of forged will, on which he requests to sue.

(4) All of the above

9. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 21 नियम 43 व नियम 68 के प्रावधानुसार कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) जब अभिगृहीत सम्पत्ति शीघ्रतया और प्रकृत्या क्षयशील है, तब उसका तुरन्त ही विक्रय कर सकेगा।

(2) स्थावर सम्पत्ति का विक्रय तब तक न होगा जब तक कि उस तारीख से जिसको उदघोषणा की प्रति विक्रय का आदेश देने वाले न्यायाधीश के न्यास सदन में लगाई गई है, गणना करके कम से कम 15 दिन का अवसान न हो गया हो।

(3) जंगम सम्पत्ति का विक्रय तब तक न होगा जब तक कि उस तारीख से जिसको उदघोषणा की प्रति विक्रय का आदेश देने वाले न्यायाधीश के न्यास सदन में लगाई गई है, गणना करके कम से कम 7 दिन का अवसान न हो गया हो।

(4) स्थावर सम्पत्ति का विक्रय तब तक न होगा जब तक कि उस तारीख से जिसको उदघोषणा की प्रति विक्रय का आदेश देने वाले न्यायाधीश के न्यास सदन में लगाई गई है, गणना करके कम से कम 1 माह का अवसान न हो गया हो।

Which of the statement is not correct according to the provisions of Rule 43 and Rule 68 of Order 21 of the Code of Civil Procedure, 1908?

(1) When the property seized is subject to speedy and natural decay, then, it may be sold at once.

(2) The sale of Immovable property shall not take place until after the expiration of at least 15 days calculated from the date on which the copy of the proclamation has been affixed on the court house of the Judge ordering the same.

(3) The sale of movable property shall not take place until after the expiration of at least 7 days calculated from the date on which the copy of the proclamation has been affixed on the court house of the Judge ordering the same.

(4) The sale of Immovable property shall not take place until after the expiration of at least 1 month calculated from the date on which the copy of the proclamation has been affixed on the court house of the Judge ordering the same.

10. भारत के संविधान की किस सूची में सिविल प्रक्रिया संहिता सम्मिलित है?

(1) राज्य सूची

(2) समवर्ती सूची

(3) संघ सूची

(4) उपरोक्त सभी

Civil Procedure Code is included in which of the lists of the Constitution of India?

(1) State List

(2) Concurrent List

(3) Union List

(4) All of the above

11. निम्न दृष्टांतों में से किस दृष्टांत में प्रतिभु अपने दायित्व से उन्मोचित हो जाता है?

(1) ''ग'' एक ऐसे अतिशोध्य विनियम–पत्र का धारक है, जिसे ''क'' ने ''ख'' के प्रतिभु के रूप में लिखा और ''ख'' ने प्रतिगृहीत किया है, ''ड'' से ''ख'' को देने की संविदा करता है।

(2) ''ख'' एक ऋण का, जिसकी प्रत्याभूति ''क'' ने दी है, ''ग'' को देनदार है। ऋण देय हो जाता है। ऋण देय हो जाने के पश्चात एक वर्ष तक ''ख'' पर ''ग'' वाद नहीं लाता।

(3) ''ख'' को पहली मार्च को रुपये 5000/– देने की संविदा ''ग'' करता है। ''क'' उस ऋण के प्रतिसंदाय हेतु प्रत्याभूति देता है। ''ग'' रुपये 5000/– ''ख'' को पहली जनवरी को दे देता है।

(4) उपरोक्त सभी में

In which illustration of the following illustrations, the surety discharged from his liability?

(1) "C" the holder of an overdue bill of exchange drawn by "A" as surety for "B", and accepted by "B" contracts with "M" to give to "B".

(2) "B" owes to "C" a debt guaranteed by "A". The debt becomes payable. "C" does not sue "B" for a year after the debt has become payable.

(3) "C" contract to lend "B" Rs. 5000/- on the $1^{st}$ March. "A" guarantees repayment. "C" pays Rs. 5000/- to "B" on $1^{st}$ of January.

(4) In all of the above

12. ''क'' रुपये 25000/– की डिक्री ''ख'' के विरुद्ध अभिप्राप्त करता है। ''ग'' जो ''ख'' का न्यासी है, ''ख'' की ओर से ''क'' के विरुद्ध रुपये 25000/– की डिक्री प्राप्त करता है।

उपरोक्त दृष्टांत के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(1) ''ख'', ''ग'' की डिक्री को प्रति डिक्री के रूप में बरत सकता है।

(2) ''ख'', ''ग'' की डिक्री को प्रति डिक्री के रूप में नहीं बरत सकता है।

(3) ''ग'' उसकी डिक्री को प्रति डिक्री के रूप में बरते जाने से इन्कार कर सकता है।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

"A" obtains a decree against "B" for Rs. 25000/-. "C", who is a trustee for "B", obtains a decree on behalf of "B" against "A" for Rs. 25000/-.

Which of the following statement is correct with regard to above illustration?

(1) "B" can treat "C's" decree as a cross decree.

(2) "B" cannot treat "C's" decree as a cross decree.

(3) "C" can deny to treat his decree as a cross decree.

(4) None of the above

13. परिसीमा संविधि किस मौलिक कानूनी सिद्धान्त पर आधारित है?

(1) Vigilantibus non dormientibus jura subveniunt

(2) Actori incumbit onus probandi

(3) Frustra probatur quod probatum non relevant

(4) Nemo potest esse tenens et dominus

The statutes of limitation are premised on which fundamental legal maxim?

(1) Vigilantibus non dormientibus jura subveniunt

(2) Actori incumbit onus probandi

(3) Frustra probatur quod probatum non relevant

(4) Nemo potest esse tenens et dominus

**14.** विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 21 के प्रयोजन से निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?

(1) जहां विर्निदिष्ट पालन अनुदत्त नहीं किया जाता है, केवल उन्हीं मामलों में प्रतिकर दिलाया जा सकता है।

(2) जहां वाद में प्रतिकर की मांग नहीं की गई वहां प्रतिकर नहीं दिलाया जा सकता है।

(3) जहां संविदा विर्निदिष्ट पालन के अयोग्य हो गई है, वहां प्रतिकर नहीं दिलाया जा सकता है।

(4) यदि वादी ने वाद प्रस्तुत करते समय प्रतिकर की मांग नहीं की है, वह प्रतिकर की मांग करते हुए अपने वादपत्र में संशोधन नहीं कर सकता।

Which of the following statement is correct for the purposes of Section 21 of the Specific Relief Act, 1963?

(1) Compensation can only be awarded in those matters, where specific performance is not granted.

(2) The compensation cannot be awarded, where, plaintiff has not claimed the compensation in the suit.

(3) The compensation cannot be awarded, where, the contract has become incapable of specific performance.

(4) If the plaintiff has not claimed the compensation at the time of filing of the suit, he cannot amend his plaint, demanding compensation.

**15.** सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 के अंतर्गत स्थावर सम्पत्ति के बंधकों और भारों के विषय के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) अंतरक बंधकर्त्ता और अंतरिती, बंधकदार कहलाता है।

(2) वह विलेख जिसके द्वारा अंतरण किया जाता है, बंधक विलेख कहलाती है।

(3) सादा बन्धक में, बन्धक सम्पत्ति का कब्जा परिदत्त किया जाता है।

(4) बन्धक सम्पत्ति में अनुवृद्धि बाबत प्रावधान अधिनियम, 1882 की धारा 63 में किया गया है।

Which of the following statement is not correct with regard to mortgages of immovable property and charges under the Transfer of Property Act, 1882?

(1) The transferor is called a mortgagor and the transferee a mortgagee.

(2) The instrument by which the transfer is effected, is called a mortgage deed.

(3) In simple mortgage, the possession of the mortgaged property is delivered.

(4) The provision with regard to accession to mortgaged property is envisaged in Section 63 of the Act of 1882.

16. निम्न में से किस निर्णय में, माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा यह घोषित किया गया कि निजता का अधिकार एक मूल अधिकार है?

(1) एसोसिएशन फॉर डोमेस्टिक रिफॉर्मस बनाम भारत संघ

(2) राजीव कुमार गुप्ता बनाम भारत संघ

(3) नवतेज सिंह जोहार बनाम भारत संघ

(4) जस्टिस के. एस. पुट्टास्वामी (सेवानिवृत्त) एवं एक अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य

In which of the following judgements, Hon'ble Supreme Court declared that Right to Privacy is a Fundamental Right?

(1) Association for domestic reforms Vs. Union of India

(2) Rajeev Kumar Gupta Vs. Union of India

(3) Navtej Singh Johar Vs. Union of India

(4) Justice K.S. Puttaswamy (Retd.) and Anr Vs. Union of India and Ors.

17. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 46 के अन्तर्गत भेजे गए आज्ञापत्र के अधीन कुर्की ............ मास से अधिक चालू नहीं रहेगी।

(1) एक

(2) दो

(3) तीन

(4) छः

No attachment under a precept sent under Section 46 of the Code of Civil Procedure, 1908 shall continue for more than ................ months.

(1) One

(2) Two

(3) Three

(4) Six

18. "जब विशिष्ट शब्दों का अनुगमन सामान्य शब्दों द्वारा किया जाता है तो उन सामान्य शब्दों का अर्थ भी उन विशिष्ट शब्दों के संदर्भ में किया जाना चाहिए एवं सामान्य शब्दों को भी उतना ही सीमित माना जाना चाहिए, जितना विशिष्ट शब्द है"

उपरोक्त नियम है –

(1) सामंजस्यपूर्ण व्याख्या का नियम

(2) व्याख्या का स्वर्णिम नियम

(3) सजातीय व्याख्या का नियम

(4) सहयोजन का नियम

"When specific words are followed by general words, the meaning of those general words should be taken in the context of those specific words and the general words should be construed as limited as the specific words."

The above rule is -

(1) Rule of harmonious interpretation

(2) Golden Rule of interpretation

(3) Rule of homogeneous interpretation

(4) Rule of Association

**19.** निम्न मे से किस मामले में, माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि ऐसा कोई विवाह का अयोग्य अधिकार नहीं है और समान लिंग युगल एक मूलभूत अधिकार के रूप में इसकी मांग नहीं कर सकते?

(1) सुप्रियो उर्फ सुप्रिया चक्रवर्ती एवं एक अन्य बनाम भारत संघ

(2) सुभाष देसाई बनाम मुख्य सचिव एवं एक अन्य

(3) डॉ. जया ठाकुर बनाम भारत संघ

(4) देव गुप्ता बनाम भारत संघ

In which of the following cases, Hon'ble Supreme Court held that there is no unqualified right to marriage and that same sex couple cannot claim this as a fundamental right?

(1) Supriyo @ Supriya Chakraborty and Anr. Vs. Union of India

(2) Subhash Desai Vs. Chief Secretary & Anr.

(3) Dr. Jaya Thakur Vs. Union of India

(4) Dev Gupta Vs. Union of India

**20.** निर्णीत ऋणी डिक्रीदार को कालिक संदाय प्रतिभूत करे।

उक्त आदेश न्यायालय द्वारा किस प्रकार की डिक्री के निष्पादन में दिया जा सकता है?

(1) दाम्पत्य अधिकारों की प्रत्यास्थापना की डिक्रीयों का निष्पादन

(2) स्थावर सम्पत्ति के लिए डिक्रीयों का निष्पादन

(3) दस्तावेज के निष्पादन के लिए डिक्री का निष्पादन

(4) फर्म के विरुद्ध डिक्री का निष्पादन

The judgment debtor shall secure to the decree holder such periodical payments.

The above order can be passed by the court in execution of which type of decree?

(1) In execution decrees of restitution of conjugal rights

(2) In execution decrees of immovable property

(3) Execution of decree for execution of document

(4) Execution of decree against firm

21. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत "वाद की प्रथम सुनवाई" से तात्पर्य है –
(1) न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत करने से
(2) प्रतिवादी द्वारा लिखित कथन प्रस्तुत करने से
(3) आदेश 10 नियम 2 के अधीन परीक्षा करने से
(4) विवाद्यकों की विरचना से

Under the Code of Civil Procedure, 1908, "The first hearing of the suit" means -
(1) The presentation of the plaint in the court
(2) The presentation of written statement by the defendant
(3) The examination under Order 10 Rule 2
(4) The framing of issues

22. सही रूप से मिलान कीजिए –

| डिक्री | आदेश व नियम |
|---|---|
| (1) प्रशासन वाद में डिक्री | (अ) आदेश 20 नियम 14 |
| (2) शुफा के दावे में डिक्री | (ब) आदेश 20 नियम 18 |
| (3) सम्पत्ति के विभाजन के वाद में डिक्री | (स) आदेश 20 नियम 12 |
| (4) कब्जा व अंतःकालीन लाभ के लिए डिक्री | (द) आदेश 20 नियम 13 |

(1) (1) – (द)
(2) – (अ)
(3) – (ब)
(4) – (स)

(2) (1) – (ब)
(2) – (स)
(3) – (द)
(4) – (अ)

(3) (1) – (अ)
(2) – (ब)
(3) – (स)
(4) – (द)

(4) (1) – (स)
(2) – (द)
(3) – (अ)
(4) – (ब)

Match correctly -

| Decree | | Order & Rule |
|---|---|---|
| (1) Decree in Administration Suit | (a) | Order 20 Rule 14 |
| (2) Decree in Pre-emption Suit | (b) | Order 20 Rule 18 |
| (3) Decree in Suit for partition of Property | (c) | Order 20 Rule 12 |
| (4) Decree for Possession and mesne Profits | (d) | Order 20 Rule 13 |

**(1)** (1) - (d)
(2) - (a)
(3) - (b)
(4) - (c)

**(2)** (1) - (b)
(2) - (c)
(3) - (d)
(4) - (a)

**(3)** (1) - (a)
(2) - (b)
(3) - (c)
(4) - (d)

**(4)** (1) - (c)
(2) - (d)
(3) - (a)
(4) - (b)

**23.** विबन्ध के सिद्धान्त के संदर्भ में, निम्न में से कौनसा कथन गलत है?

**(1)** विबन्ध का सिद्धान्त साम्य के नियम से मान्यता प्राप्त है।

**(2)** विबन्ध का सिद्धान्त केवल लोक नीति के पहलू से सम्बन्धित है।

**(3)** विबन्ध का सिद्धान्त पक्षकारों के व्यवहार से उत्पन्न होता है।

**(4)** विबन्ध का सिद्धान्त एक अवयस्क के विरुद्ध लागू नहीं होता है।

With regard to the Doctrine of Estoppel, which of the following statement is wrong?

**(1)** The Doctrine of Estoppel is recognised by Rule of Equity.

**(2)** The Doctrine of Estoppel deals only relating to the aspect of public policy.

**(3)** The Doctrine of Estoppel arises from the conduct of parties.

**(4)** The Doctrine of Estoppel is not applicable against a minor.

**24.** कानूनी कहावत *"Ut Res Magis Valeat Onam Pareatis"* भी कहलाती है –

(1) सामंजस्यपूर्ण व्याख्या का नियम

(2) उचित निर्माण का नियम

(3) एजुस्डम जेनेरिस का नियम

(4) व्याख्या का स्वर्णिम नियम

The legal maxim *"Ut Res Magis Valeat Onam Pareatis"* is also known as -

(1) Rule of harmonious construction

(2) Rule of Reasonable construction

(3) Rule of ejusdem generis

(4) Golden Rule of Interpretation

**25.** 'क' डिक्रीदार है तथा 'ख' निर्णीत ऋणी। 'ख' द्वारा 'क' से धन उधार लिया गया था। तत्समय हुए करार में यह शर्त उल्लेखित थी कि 'ख' के जीवन पर बीमा पॉलिसी के अधीन संदेय सभी धन भी उक्त उधार लिए गये धन को चुकाने तथा कुर्की हेतु दायी होगा।

(1) ऐसा करार 'ख' की प्रत्याशा पर शून्यकरणीय है

(2) ऐसा करार विधिपूर्ण है

(3) ऐसा करार प्रारम्भतः शून्य है

(4) प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए ऐसे करार के शून्यकरणीय होने, विधिपूर्ण होने अथवा शून्य होने के सम्बन्ध में न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया जाएगा

"A" is a decree holder and "B" is a judgment debtor. "B" took loan from "A". At that time, it was the condition mentioned in the agreement that all moneys payable under a policy of life insurance of "B" will also be liable to pay the amount of loan and for attachment.

(1) Such agreement is voidable at the instance of "B"

(2) Such agreement is Lawful

(3) Such agreement is void ab initio

(4) Looking to the facts and circumstances of the case the court will pass the order regarding such agreement being void, legal or voidable

**26.** निम्न में से किस मामले में, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 90 की उपधारणा के सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा यह मंतव्य दिया कि 30 साल से अधिक पुराने दस्तावेजों की प्रमाणिकता एवं नियमितता वसीयत के मामलों में लागू नहीं है?

(1) रामकृष्णा मोहपात्रा एवं अन्य बनाम गंगाधर मोहपात्रा एवं अन्य

(2) आशुतोष सामंते (मृतक) जरिए विधिक प्रतिनिधि एवं अन्य बनाम एसएम रंजन बाला दासी एवं अन्य

(3) लूपिन लिमिटेड बनाम जॉन्सन एंड जॉन्सन

(4) रानी पुर्णिमा देवी एवं एक अन्य बनाम कुमार खगेन्द्र नारायण देव एवं एक अन्य

In which of the following cases, Hon'ble Supreme Court observed that presumption U/S 90 of the Indian Evidence Act, 1872 with regard to the genuineness and regularity of documents which are more than 30 years old, is inapplicable when it comes to a will?

(1) Ramakrushna Mohapatra and others Vs. Gangadhar Mohapatra and others

(2) Ashutosh Samante (D) by LRs and others Vs. SM. Ranjan Bala Dasi and others

(3) Lupin Limited Vs. Johnson & Johnson

(4) Rani Purnima Devi & Anr. Vs. Kumar Khagendra Narain Dev & Anr.

**27.** निम्न में कौनसा कथन सही है, जब सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 46 नियम 1 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय को प्रश्न का निर्देश कर दिया गया है?

(1) निर्देश करने के पश्चात उस निर्देश पर उच्च न्यायालय के निर्णय की प्रति प्राप्त नहीं होने तक निर्देश करने वाला न्यायालय उस मामले में आगे कार्यवाही हेतु अग्रसर नहीं हो सकेगा।

(2) निर्देश करने के पश्चात निर्देश करने वाला न्यायालय, मामले में कार्यवाही करते हुए उच्च न्यायालय को विनिर्दिष्ट किए गये विषय बिन्दु के विनिश्चय पर समाश्रित डिक्री पारित कर सकेगा।

(3) निर्देश करने के पश्चात निर्देश करने वाला न्यायालय, मामले को पक्षकार को इस निदेश के साथ लौटा देगा कि निर्देश पर उच्च न्यायालय के निर्णय की प्रति प्राप्त होने के पश्चात पुनः पेश करें।

(4) उपरोक्त सभी कथन सही हैं।

Which of the following statement is correct, when the reference of question has been made to the High Court under Order 46 Rule 1 of the Code of Civil Procedure, 1908?

(1) After making the reference, the court who made the reference will not proceed in the case until the receipt of the copy of the judgement of the High Court upon the reference.

(2) After making the reference, the court who made the reference can proceed in the case and may pass a decree contingent upon the decision of the High Court on the point referred.

(3) After making the reference, the court who made the reference shall return the file to the party with the direction to re-present on receipt of the copy of the judgement of the High Court upon the reference.

(4) All of the above statements are correct.

**28.** भू–स्वामी तथा किरायेदार के मध्य किराये पर दिये गये परिसर का किराया 4 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ाये जाने का करार दिनांक 01.01.2024 को किया गया। धारा 7 राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 के अंतर्गत, ऐसा करार –

(1) विधिपूर्ण है

(2) किरायेदार के विकल्प पर शून्यकरणीय है

(3) भूस्वामी के विकल्प पर शून्यकरणीय है

(4) प्रारम्भतः शून्य है

The agreement executed on 01.01.2024 between landlord and the tenant to increase the rent of the let-out premises by 4% per annum. Under Section 7 of the Rajasthan Rent Control Act, 2001, such agreement -

(1) is lawful

(2) is voidable at the instance of the tenant

(3) is voidable at the instance of the landlord

(4) is void ab initio

**29.** किसी एक विधायिका द्वारा निर्मित विधि अन्य विधायिका के क्षेत्र को आनुषंगिक रूप से प्रभावित करती है तो निम्न में से निर्वचन के किस सिद्धान्त को लागू किया जाता है?

(1) पृथक्करण का सिद्धान्त

(2) सारतत्व ग्रहण का सिद्धान्त

(3) रंगनीय विधान का सिद्धान्त

(4) कठोरता का नियम

A law made by one legislature affects the scope of the other legislature in a related manner, then which of the following doctrine of interpretation is applied?

(1) Doctrine of Separation

(2) The doctrine of imbibing essence

(3) Doctrine of colourable legislation

(4) Doctrine of rigidity

**30.** सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 के प्रावधानों के अंतर्गत निम्न में से सही नहीं है –

(1) सम्पत्ति में ऐसा हित, जो उपभोग में स्वयं स्वामी तक ही निर्बंधित है, उसके द्वारा अंतरण किया जा सकता है।

(2) लिखत से अवसीयती लिखत अभिप्रेत है।

(3) कोई सुखाचार अधिष्ठायी स्थल से पृथक्तः अंतरित नहीं किया जा सकता।

(4) हर उस दशा में जिसमें विधि द्वारा कोई लेख अभिव्यक्ततः अपेक्षित नहीं है, सम्पत्ति का अंतरण लिखे बिना किया जा सकेगा।

Which of the following is not correct under the provisions of the Transfer of Property Act, 1882?

(1) An interest in property restricted in its enjoyment to the owner personally can be transferred by him.

(2) Instrument means a non-testamentary instrument.

(3) An easement cannot be transferred apart from the dominant heritage.

(4) A transfer of property may be made without writing in every case in which a writing is not expressly required by law.

31. राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001 की धारा 20(3) के अंतर्गत ''मध्यवर्ती लाभ'' इंगित करता है–

(1) सहमत हुआ किराया, जैसा कि 2001 के अधिनियम की धारा 4 में विहित है

(2) भूस्वामी को परिसर के उपयोग से वंचित करने की क्षतिपूर्ति

(3) किराए का पुनरीक्षण जैसा कि 2001 के अधिनियम की धारा 7 में विहित है

(4) 2001 के अधिनियम की धारा 6(2) के अनुसार किराए का पुनरीक्षण

Under Section 20(3) of Rajasthan Rent Control Act, 2001, "mesne profit" denotes -

(1) Rent as agreed as envisaged in Section 4 of the Act, 2001

(2) Compensation depriving landlord from the use of the premises

(3) Revision of Rent as envisaged in Section 7 of the Act, 2001

(4) Revision of Rent as per Section 6(2) of the Act, 2001

32. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के कौनसे आदेश में ''डिक्री'' पद के अन्तर्गत अंतिम आदेश भी आता है?

(1) आदेश 41

(2) आदेश 43

(3) आदेश 45

(4) आदेश 47

In which order of the Code of Civil Procedure, 1908, under the expression "Decree" includes the final order?

(1) Order 41

(2) Order 43

(3) Order 45

(4) Order 47

33. भारत के संविधान का अनुच्छेद 39ए, संबन्धित हैं –

(1) समान कार्य के लिए समान वेतन

(2) समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता

(3) नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता

(4) कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि

Article 39A of the Constitution of India deals with -

(1) Equal Pay for Equal Work

(2) Equal Justice and free legal aid

(3) Uniform Civil Code for the Citizens

(4) Living wage etc. for workers

34. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 10 नियम 2 के अंतर्गत पक्षकारों की मौखिक परीक्षा के पीछे उद्देश्य है –

(1) विवादग्रस्त बातों के विशदीकरण हेतु
(2) साक्षीयों की पूर्व–परीक्षा हेतु
(3) तथ्यों एवं विधि के विवाद्यकों की खोज हेतु
(4) स्वीकृत तथ्यों की खोज हेतु

The object behind the oral examination of parties under Order 10 Rule 2 of the Code of Civil Procedure, 1908 is -

(1) To elucidating matters in controversy
(2) To Pre-examining the witnesses
(3) To find out the issues of facts & law
(4) To find out the admitted facts

35. निम्न में से कौनसा अपीलनीय आदेश नहीं है?

(1) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 21 नियम 34 के अधीन आदेश
(2) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 6 नियम 17 के अधीन आदेश
(3) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 22 नियम 10 के अधीन आदेश
(4) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 25 नियम 2 के अधीन आदेश

Which of the following is not an appealable order?

(1) An Order under Rule 34 of Order 21 of the Code of Civil Procedure, 1908
(2) An Order under Rule 17 of Order 6 of the Code of Civil Procedure, 1908
(3) An Order under Rule 10 of Order 22 of the Code of Civil Procedure, 1908
(4) An Order under Rule 2 of Order 25 of the Code of Civil Procedure, 1908

36. रामलाल एक मोटरसाईकिल क्रय करता है तथा उसका बीमा करवाता है। बाद में, वह बीमा कम्पनी से क्लेम प्राप्त करने के आशय अपनी मोटरसाईकिल को संत्यक्त कर देता है। रामलाल ने कौनसा अपराध कारित किया है?

(1) रिष्टि
(2) छल
(3) आपराधिक दुर्विनियोग
(4) आपराधिक न्यास भंग

Ramlal purchase a motorcycle and get it insured. Thereafter, he causes to same cast away, with the intention of causing damages to the insurance company. Which offence, Ramlal has committeed?

(1) Mischief
(2) Cheating
(3) Criminal Misappropriation
(4) Criminal Breach of Trust

37. महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत "घरेलू कर्मकार" की परिभाषा में निम्न में से कौन शामिल नहीं है?

(1) अस्थाई रूप से नियोजित महिला

(2) स्थाई रूप से नियोजित महिला

(3) अंशकालिक नियोजित महिला

(4) नियोजक के कुटुंब का कोई सदस्य

Who among the following does not include in the definition of "Domestic Worker" under the Sexual Harrasment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013?

(1) Women employed on temporary basis

(2) Women employed on permanent basis

(3) Women employed on part time basis

(4) Any member of the family of the employer

38. निम्नलिखित में से कौनसा मानहानि के अपराध के लिए अपवाद की श्रेणी में नहीं आता है?

(1) सत्य बात का लांछन जिसका लगाया जाना या प्रकाशित किया जाना लोक कल्याण के लिए अपेक्षित है

(2) लोक सेवकों का लोकाचरण

(3) न्यायालय में विनिश्चित मामले के गुणागुण या साक्षियों तथा संपृक्त अन्य व्यक्तियों का आचरण

(4) किसी अन्य व्यक्ति के ऊपर विधिपूर्ण प्राधिकार न रखने वाले व्यक्ति द्वारा की गई ऐसे अन्य व्यक्ति की परिनिन्दा

Which of the following does not come under the exception to the offence of Defamation?

(1) Imputation of truth which public good requires to be made or published

(2) Public conduct of Public Servants

(3) Merits of case decided in Courts or conduct of witnesses and other concerned

(4) Censure passed in good faith by the person not having lawful authority over another

39. रमेश एवं सुरेश के मध्य किसी बात को लेकर बहस हो गई। रमेश ने सुरेश को भद्दी–भद्दी गालियां देना आरम्भ कर दिया जिससे सुरेश को अचानक गम्भीर प्रकोपन कारित हुआ। सुरेश के बगल में उसका एक डंडा रखा था। अचानक हुए उस प्रकोपन के प्रभाव में उसने अपने दाहिने हाथ से डंडा उठाया। विजय, जिसकी रमेश के साथ पुरानी रंजिश है तथा वह हर सूरत में रमेश को मारना चाहता है, पास में ही खड़ा यह सब देख रहा था। वह अचानक वहां पहुंच जाता है तथा सुरेश से कहता है कि कैसे इंसान हो खडे खड़े मां बहन की गालियां सुन रहे हो, डंडे से कुछ होने वाला नहीं है ये लो रिवॉल्वर। ऐसा कहकर वह सुरेश को एक रिवॉल्वर थमा देता है एवं सुरेश रिवॉल्वर लेकर रमेश पर फायर कर देता है जिससे रमेश की मृत्यु कारित हो जाती है। सुरेश एवं विजय ने क्या–क्या अपराध कारित किया है?

(1) दोनों ने हत्या की श्रेणी में नहीं आने वाले आपराधिक मानव वध का अपराध कारित किया है।

(2) सुरेश ने हत्या का एवं विजय ने हत्या की श्रेणी में नहीं आने वाले आपराधिक मानव वध का अपराध कारित किया है।

(3) विजय ने हत्या का एवं सुरेश ने हत्या की श्रेणी में नहीं आने वाले आपराधिक मानव वध का अपराध कारित किया है।

(4) दोनों ने हत्या का अपराध कारित किया है।

There was an argument between Ramesh and Suresh over some issue. Ramesh started abusing Suresh badly, which caused sudden and grave provocation to Suresh. Suresh had a stick lying beside him. Under the effect of sudden and grave provocation, he picked up the stick with his right hand. Vijay, who has an old enmity with Ramesh and wants to kill Ramesh at any cost, was standing nearby and watching all this. He suddenly reached there and says to Suresh, what kind of a person are you, you are standing and listening to abuses against your mother and sister, the stick is not going to do anything, take this revolver, saying this he hands over a revolver to Suresh and Suresh takes the revolver and fires at Ramesh, which causes Ramesh's death. What offences have Suresh and Vijay committed?

(1) Both have committed the offence of culpable homicide not amounting to murder.

(2) Suresh has committed the offence of murder and Vijay has committed the offence of culpable homicide not amounting to murder.

(3) Vijay has committed the offence of murder and Suresh has committed the offence of culpable homicide not amounting to murder.

(4) Both have committed the offence of murder.

**40.** अनन्य रूप से सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय किसी मामले को सेशन सुपुर्द करते समय अभिरक्षा में चल रहे अभियुक्त को दण्डनायक कितनी अवधि तक के लिए अभिरक्षा में प्रतिप्रेषित करेगा?

(1) 15 दिन की अवधि के लिए

(2) सेशन न्यायालय द्वारा आरोप विरचित किए जाने की तिथि तक के लिए

(3) विचारण के दौरान और समाप्त होने तक के लिए

(4) दण्ड प्रक्रिया संहिता धारा 167 में वर्णित 60 या 90 दिन, जैसा भी मामला हो, में से शेष बची अवधि तक के लिए

While commiting any case exclusively triable by the Court of Sessions, Magistrate shall remand the accused for how much period?

(1) For a period of 15 days

(2) Until the date of framing of charge by the Court of Sessions

(3) During and until the conclusion of trial

(4) Remaining period of 60 and 90 days, as the case may be, as prescribed under Section 167 of the Code of Criminal Procedure

**41.** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख) और संरक्षण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत, भावी दत्तक माता–पिता की पात्रता के संबन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(1) भावी दत्तक माता–पिता बालक को अच्छा पालन पोषण प्रदान करने के लिए उसका दत्तक ग्रहण करने के लिए शारीरिक रूप से योग्य, वित्तिय रूप से सुदृढ़, मानसिक रूप से सचेत और अत्यंत प्रेरित होंगे।

(2) दम्पत्ति की दशा में, दत्तक ग्रहण के लिए पति–पत्नी दोनों की सहमति आवश्यक होगी।

(3) कोई एकल पुरुष किसी बालिका को दत्तक ग्रहण के लिए पात्र है।

(4) कोई एकल या विच्छिन्न विवाह व्यक्ति भी मानदंडों को पूरा करने के अधीन रहते हुए तथा प्राधिकरण द्वारा विरचित दत्तक ग्रहण विनियमों के उपबंधों के अनुसार दत्तक ग्रहण कर सकता है।

Under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, which of the following statement is wrong in relation with the eligibility of prospective adoptive parents?

(1) The prospective adoptive parents shall be physicaly fit, financially sound, mentally alert and highly motivated to adopt a child for providing a good upbringing to him.

(2) In case of a couple, the consent of both the spouses for the adoption shall be required.

(3) A single male is eligible to adopt a girl child.

(4) A single or divorced person can also adopt, subject to fulfilment of the criteria and in accordance with the provisions of adoption regulations framed by the Authority.

**42.** निम्नलिखित में से कौन अन्वेषण करने हेतु सक्षम नहीं है?

(1) थाने का भारसाधक अधिकारी

(2) एक दण्डनायक

(3) दण्डनायक से भिन्न, किसी भी ऐसे व्यक्ति द्वारा जो दण्डनायक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया गया है

(4) राज्य का पुलिस महानिदेशक

Who among the following is not competent to conduct investigation?

(1) Station House Officer of Police Station

(2) A Magistrate

(3) Any person, other than Magistrate, who is authorized by a Magistrate in this behalf

(4) Director General of Police of the State

**43.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 33 के अन्तर्गत किसी साक्ष्य में कथित तथ्यों की सत्यता को पश्चातवर्ती कार्यवाही में साबित करने के लिए उस साक्ष्य की सुसंगति के सम्बन्ध में दाण्डिक विचारण से तात्पर्य –

(1) परिवादी और अभियुक्त के बीच की कार्यवाही से है

(2) अभियोजक और अभियुक्त के बीच की कार्यवाही से है

(3) परिवादी की ओर से प्रस्तुत साक्षी और अभियुक्त के बीच की कार्यवाही से है

(4) उपरोक्त सभी सही हैं

U/s 33 of Indian Evidence Act, 1872, a criminal trial regarding relevancy of certain evidence for proving, in subsequent proceeding, truth of facts therein stated shall be deemed to be -

(1) a proceeding between the complainant and the accused

(2) a proceeding between the prosecutor and the accused

(3) a proceeding between the witness produced for the complainan and the accused

(4) All of the above are correct

**44.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में जहां एक तथ्य किसी अन्य तथ्य का निश्चायक सबूत घोषित किया गया है, वहां न्यायालय ........................

(1) एक तथ्य के नासाबित हो जाने पर उस अन्य को साबित मानेगा और नासाबित होने के तथ्य पर साक्ष्य दिये जाने की अनुज्ञा नहीं देगा।

(2) एक तथ्य के साबित हो जाने पर उस अन्य को साबित मानेगा और उसे नासाबित करने के प्रयोजन के लिए साक्ष्य दिये जाने की अनुज्ञा नहीं देगा।

(3) एक तथ्य के साबित हो जाने पर उस अन्य को साबित मानेगा परन्तु उसे नासाबित करने के प्रयोजन के लिए साक्ष्य दिये जाने की अनुज्ञा देगा।

(4) एक तथ्य के साबित हो जाने पर उस अन्य को नासाबित मानेगा और साबित होने के तथ्य पर साक्ष्य दिये जाने की अनुज्ञा नहीं देगा।

When one fact is declared by the Indian Evidence Act, 1872 to be the conclusive proof of another, the court ........

(1) shall, on disproving one fact, regard the other as proved, and shall not allow evidence to be given for the purpose of disproving it.

(2) shall, on proof of one fact, regard the other as proved, and shall not allow evidence to be given for the purpose of disproving it.

(3) shall, on proof of one fact, regard the other as proved, and shall allow evidence to be given for the purpose of disproving it.

(4) shall, on proof of one fact, regard the other as disproved, and shall not allow evidence to be given for the purpose of disproving it.

**45.** अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 की धारा 4(2) या 6(2) के अंतर्गत प्रस्तुत परिवीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट का अवलोकन करने की प्रार्थना अभियुक्त द्वारा न्यायालय के समक्ष की जाती है।

इस सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?

(1) ऐसी रिपोर्ट की एक प्रति अभियुक्त को उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि वह युक्तियुक्त साक्ष्य अपने बचाव में पेश कर सके।

(2) ऐसी रिपोर्ट अभियुक्त या उसके अधिवक्ता को अवलोकनार्थ उपलब्ध कराई जाएगी, जिस पर वह बाद अवलोकन इस आशय का पृष्ठांकन कर हस्ताक्षर करेगा कि उसने रिपोर्ट का अवलोकन कर लिया है।

(3) ऐसी रिपोर्ट गोपनीय दस्तावेज है हालांकि यदि न्यायालय उचित समझे तो उसका सार अभियुक्त को संसूचित किया जा सकेगा।

(4) अभियुक्त नियमानुसार नकल का आवेदन प्रस्तुत कर सत्यापित प्रति प्राप्त कर सकेगा।

Accused prays before the court to see the report of Probation Officer made under Section 4(2) or 6(2) of the Probation of Offenders Act, 1958. In this regard, which of the following statement is correct?

(1) A copy of such report is to be made available to the accused so that he may produce reasonable evidence in his defence.

(2) Such report must be made available for perusal to the accused or his advocate, whereupon, he will put signature after making endorsement that he has perused the report.

(3) Such report is a confidential document, although, the court may, if it so thinks fit, communicate the substance thereof to the accused.

(4) Accused may submit the application for copy as per rule and may get certified copy.

46. रामस्वरूप पर सविता की सोने की चेन की चोरी करने का आरोप लगाया जाता है तथा दोषसिद्ध किया जाता है। उपरोक्त दृष्टांत के संबन्ध में निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(1) रामस्वरूप को तत्पश्चात उन्हीं तथ्यों पर लूट का आरोप लगाया जा सकता है और विचारण किया जा सकता है।

(2) रामस्वरूप को तत्पश्चात उन्हीं तथ्यों पर लूट का न तो आरोप लगाया जा सकता है और न ही विचारण किया जा सकता है।

(3) हालांकि, रामस्वरूप पर उन्हीं तथ्यों के आधार पर लूट करने का आरोप लगाया तो जा सकता है परन्तु उसका विचारण नहीं किया जाएगा और उसे दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 300 में दी गई व्यवस्था के अनुसार बिना विचारण के ही दोषमुक्त कर दिया जाएगा।

(4) संबन्धित जिला एवं सेशन न्यायाधीश से लिखित में पूर्व अनुमति प्राप्त करके ही रामस्वरूप को तत्पश्चात उन्हीं तथ्यों पर लूट का आरोप लगाया जा सकता है और विचारण किया जा सकता है।

Ramswaroop is charged and convicted for the theft of the golden chain of Savita.
Which of the following statement is correct regarding above illustration?

(1) Ramswaroop can subsequently charged with and tried for robbery on the same facts.

(2) Ramswaroop can neither subsequently be charged nor tried for robbery on the same facts.

(3) However, Ramswaroop can subsequently be charged with for robbery on the same facts but shall be acquitted without trial as per the provisions prescribed under Section 300 of the Code of Criminal Procedure, 1973

(4) After getting prior permision in writing from the District & Sessions Judge concerned, only thereafter, Ramswaroop can subsequently be charged with and tried for robbery on the same facts.

47. महिलाओं का अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत निम्न में से कौन से नमूनों का वितरण करना "वितरण" की परिभाषा में आता है?

(1) केवल मुफ्त वितरित किए गये नमूने

(2) केवल सशुल्क वितरित किए गये नमूने

(3) नमूने के तौर पर किया गया वितरण, चाहे मुफ्त या अन्यथा

(4) नमूने का वितरण करना वितरण की परिभाषा में ही नहीं आता है

Distribution of which of the following samples under the Indecent Representation of Women (Prohibition) Act, 1986 comes under the definition of "Distribution"?

(1) Distribution of free samples only

(2) Distribution of paid samples only

(3) Distribution by way of samples whether free or otherwise

(4) Distribution of samples does not come under the definition of Distribution

48. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की के प्रावधानों के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस मामले का संक्षिप्त विचारण नहीं किया जा सकता है?

(1) अपराध जो मृत्यु, आजीवन कारावास या दो वर्ष से अधिक की अवधि के लिए कारावास से दण्डनीय नहीं हैं।

(2) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 454 के अधीन अपराध।

(3) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 414 के अधीन अपराध जहां ऐसी सम्पत्ति जो छिपाई गई है का मूल्य रु. 5000/– है।

(4) ऐसे कार्य से होने वाला कोई अपराध, जिसकी बाबत पशु अतिचार अधिनियम 1871 की धारा 20 के अंतर्गत परिवाद किया जा सकता है।

Which of the following case cannot be tried summarily under the provisions of the Code of Criminal Procedure, 1973?

(1) Offences not punishable with death, imprisonment for life and imprisonment for a term exceeding 02 years.

(2) Offence punishable under Section 454 of the Indian Penal Code.

(3) Offence punishable under Section 414 of the Indian Penal Code, where the value of property concealed is Rs. 5000/-.

(4) Any offence constituted by an act, in respect of which a complaint may be made under Section 20 of the Cattle-trasspass Act, 1871.

49. निम्न में से कौन दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125 के अन्तर्गत भरणपोषण प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है?

(1) पत्नी जिसने अपने पति से विवाह विच्छेद कर लिया है और पुनर्विवाह नहीं किया है

(2) अधर्मज अवयस्क सन्तान

(3) माता या पिता

(4) वयस्क विवाहित पुत्री जिसने वयस्कता प्राप्त कर ली है एवं किसी शारीरिक या मानसिक असामान्यता या क्षति के कारण अपना भरण–पोषण करने में असमर्थ है

Who among the following is not entitle to get maintenence under Section 125 of the Code of Criminal Procedure, 1973?

(1) Wife who has obtained divorce from her husband and nor remarried

(2) Illegitimate minor child

(3) Mother or Father

(4) Married daughter who has attained majority and by reason of any physical or mental abnormality or injury unable to maintain herself

50. विनय चोरी करने के आशय से दिनेश की जेब में हाथ डालता है परन्तु पता चलता है कि दिनेश की जेब खाली है। विनय ने क्या अपराध कारित किया है?

(1) चोरी करने हेतू आशयित वस्तु ही नहीं होने के कारण विनय ने कोई अपराध कारित नहीं किया।

(2) विनय ने चोरी का प्रयास करने का अपराध कारित किया।

(3) विनय के कृत्य से लोगों को यह पता चल गया कि दिनेश की जेब खाली रहती है जिस कारण से विनय ने दिनेश की मानहानि करने का अपराध कारित किया है।

(4) विनय ने आपराधिक दुर्विनियोग के प्रयास का अपराध कारित किया है।

In order to commit theft, Vinay put his hand in the pocket of Dinesh but came to know that Dinesh's pocket is empty. What offence has Vinay committed?

(1) Due to the missing of the object proposed to be stolen, Vinay has not committed any offence.

(2) Vinay has committed the offence of attempt to theft.

(3) Due to the act of Vinay, people came to know that Dinesh's pocket is empty, Vinay has committed the offence the defamation of Dinesh.

(4) Vinay has committed the offence of attempt to Criminal Misappropriation.

**51.** निम्नलिखित में से कौनसा ऐसा अपराध है जिसको कारित करना यदि किसी जमाव का उद्देश्य हो, तो वह विधिविरुद्ध जमाव की श्रेणी में नहीं आता है?

(1) लोकसेवक को उसकी विधिपूर्ण शक्तियों के प्रयोग में आपराधिक बल के प्रदर्शन से आतंकित करना

(2) किसी वैध आदेशिका के निष्पादन का प्रतिरोध करना

(3) आपराधिक अतिचार कारित करना

(4) छल कारित करना

Which of the following is such an offence, if commission thereof would be the object of the assembly, then, it does not come under the purview of unlawfull assembly?

(1) To overview by criminal force any public servant in the exercise of his lawful duties

(2) To resist the execution of any legal process

(3) To commit criminal tresspass

(4) To commit cheating

**52.** चेतना एवं विजेयता एक ही दफ्तर में काम करती हैं। चेतना को विजेयता का एक सरकारी वचनपत्र मिलता है जिस पर निरंक पृष्ठांकन है। चेतना यह जानते हुए कि यह वचनपत्र विजेयता का है, उसे ऋण के लिए प्रतिभूति के रूप में बैंक के पास इस आशय से रख देती है कि वह भाविष्य में उसे विजेयता को प्रत्यावर्तित कर देगी।

निम्न में से कौनसा कथन सत्य है?

(1) चेतना ने कोई अपराध कारित नहीं किया क्योंकि उसका आशय यह था कि भाविष्य में उसे विजेयता को प्रत्यावर्तित कर देगी।

(2) चेतना ने सम्पत्ति को बेईमानीपूर्वक दुर्विनियोग करने का अपराध कारित किया है।

(3) चेतना ने एक सरकारी वचनपत्र के संबन्ध में आपराधिक न्यासभंग का अपराध कारित किया है।

(4) चेतना ने छल का अपराध कारित किया है।

Chetna and Vijeyta works in similar office. Chetna finds a Government Promissory Note belonging to Vijeyta bearing a blank endorsement. Chetna knowing that the note belongs to Vijeyta, pledges it with a banker as a security for a loan, intending at a future time to restore it to Vijeyta. Which of the following statement is correct?

(1) Chetna has not committed any offence because she intending at a future time to restore it to Vijeyta.

(2) Chetna has committed the offence of Dishonest Misappropriation of Property.

(3) Chetna has committed the offence of Criminal Breach of Trust of Government Promissory Note.

(4) Chetna has committed the offence of Cheating.

53. निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में, एक प्राईवेट व्यक्ति किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है?

(1) जब वह व्यक्ति उसकी उपस्थिति में एक अजमानतीय और असंज्ञेय अपराध कारित करता है।

(2) जब वह व्यक्ति उसकी उपस्थिति में एक जमानतीय और संज्ञेय अपराध कारित करता है।

(3) जब वह व्यक्ति उसकी उपस्थिति में एक अजमानतीय और संज्ञेय अपराध कारित करता है।

(4) जब वह व्यक्ति उसकी उपस्थिति में एक जमानतीय और असंज्ञेय अपराध कारित करता है।

In which of the following circumstance, a private person can arrest any person?

(1) When such person commits a non-bailable and non-cognizable offence in his presence.

(2) When such person commits a bailable and cognizable offence in his presence.

(3) When such person commits a non-bailable and cognizable offence in his presence.

(4) When such person commits a bailable and non-cognizable offence in his presence.

54. निम्नलिखित में से किस मामले में, माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया है कि मात्र विवाह के 7 वर्ष के भीतर वैवाहिक निवास में मृतका की अप्राकृतिक मृत्यु, अभियुक्त को धारा 304–ख एवं 498–क के अपराधों के लिए दोषसिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है यदि मृत्यु से ठीक पहले क्रूरता तथा तंग करना साबित नहीं होता है?

(1) फुलेल सिंह बनाम हरियाणा राज्य

(2) मनोज कुमार सोनी बनाम एम.पी. राज्य

(3) चरन सिंह बनाम उत्तराखण्ड राज्य

(4) पूनम शर्मा बनाम भारत संघ

In which of the following case, Hon'ble Supreme Court has held that mere death of the deceased being unnatural in the matrimonial home within 7 years of marriage will not be sufficient to convict the accused under Section 304-B and 498-A of Indian Penal Code if the cruelty or harassment has not been proved to be soon before the death?

(1) Phulel Singh Vs. State of Haryana

(2) Manoj Kumar Soni Vs. State of M.P.

(3) Charan Singh Vs. State of Uttarakhand

(4) Poonam Sharma Vs. Union of India

55. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख) और संरक्षण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत, ''पश्चातवर्ती देखरेख'' से उन व्यक्तियों की जिन्होंने ........................................................ और जिन्होंने समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए किसी संस्थागत देखरेख का त्याग कर दिया है, वित्तीय और अन्यथा सहायता का उपबंध किया जाना अभिप्रेत है।

(1) अठारह वर्ष की आयु पूरी नहीं की हो

(2) इक्कीस वर्ष की आयु पूरी कर ली हो

(3) अठारह वर्ष की आयु पूरी कर ली है परन्तु इक्कीस वर्ष की आयु पूरी नहीं की है

(4) पन्द्रह वर्ष की आयु पूरी कर ली है परन्तु अठारह वर्ष की आयु पूरी नहीं की है

Under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, "Aftercare" means making provision of support, financial or otherwise, to persons, who ........................ and have left any institutional care to join the mainstream of the society.

(1) not completed the age of 18 years

(2) completed the age of 21 years

(3) completed the age of 18 years but have not completed the age of 21 years

(4) completed the age of 15 years but have not completed the age of 18 years

56. निम्न में से क्या चोरी के अपराध का एक आवश्यक तत्त्व नहीं है?

(1) बेईमानीपूर्ण आशय

(2) जंगम सम्पत्ति

(3) सम्पत्ति के स्वामी का कब्जा

(4) क्षति कारित करने का भय

Which of the following is not an essential ingredient of the offence of Theft?

(1) Dishonest intention

(2) Movable property

(3) Property in possession of owner

(4) Fear of causing injury

57. हरिओम को चोरी के अपराध के लिए दो वर्ष के सादा कारावास एवं रु. 500/– के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। जुर्माना नहीं देने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश भी दिया गया है। दो वर्ष सजा भुगतने के दौरान हरिओम की किसी बीमारी में मृत्यु हो जाती है। हरिओम के तन्हा स्वामित्व का केवल एक मकान है। ऐसे में जुर्माना राशि की वसूली के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(1) हरिओम की मृत्यु हो जाने के कारण वह जुर्माना के दायित्व से मुक्त हो गया।

(2) जुर्माना राशि की वसूली उसके मकान से की जाएगी।

(3) यह न्यायालय के विवेक का विषय है। न्यायालय दायित्व से मुक्त भी कर सकता है और जुर्माना राशि की वसूली उसके मकान से भी कर सकता है।

(4) जुर्माना राशि की वसूली उसके मकान से नहीं हो सकती है। हालांकि, यदि न्यायालय चाहे, तो उसके विधिक उत्तराधिकारियों से ऐसी राशि की वसूली का आदेश दे सकता है।

Hariom is sentenced for an offence of theft for simple imprisonment of two years and a fine of Rs. 500/-. In default of payment of fine, he is ordered to undergo further imprisonment for a period of one month. During imprisonment of two years, Hariom died due to some illness. Hariom is only having a house of his sole ownership. Which of the following statement is correct regarding the recovery of such payment of fine?

(1) Due to the death of Hariom, he is discharged from the liability of fine.

(2) Amount of fine shall be recovered from his house.

(3) It is the matter of the discretion of the Court. Court can discharge from liability or can recover the amount of fine from his house.

(4) Payment of fine cannot be recovered from his house. Although, if court desires, then such fine can be ordered to be recovered from his legal representatives.

**58.** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत विशेष न्यायालय द्वारा अपराध का संज्ञान लिए जाने के .............

(1) तीस दिन के भीतर बालक की साक्ष्य अभिलिखित की जाएगी एवं एक वर्ष की अवधि के भीतर विचारण पूरा किया जाएगा।

(2) तीन माह के भीतर बालक की साक्ष्य अभिलिखित की जाएगी एवं एक वर्ष की अवधि के भीतर विचारण पूरा किया जाएगा।

(3) तीस दिन के भीतर बालक की साक्ष्य अभिलिखित की जाएगी एवं छः माह की अवधि के भीतर विचारण पूरा किया जाएगा।

(4) दो माह के भीतर बालक की साक्ष्य अभिलिखित की जाएगी एवं एक वर्ष की अवधि के भीतर विचारण पूरा किया जाएगा।

Under the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012, the Special Court, from the taking of congnizance .........

(1) The evidence of the child shall be recorded within 30 days and trial shall be completed within one year.

(2) The evidence of the child shall be recorded within three months and trial shall be completed within one year.

(3) The evidence of the child shall be recorded within 30 days and trial shall be completed within six months.

(4) The evidence of the child shall be recorded within two months and trial shall be completed within one year.

संदर्भ में कौनसा विकल्प सही है?

(1) समस्त कार्यवाही बंद कमरे में की जानी चाहिए।

(2) यह कथन सही नहीं है समस्त कार्यवाही खुले न्यायालय में की जानी चाहिए।

(3) यह न्यायालय के विवेक पर निर्भर है यदि मजिस्ट्रेट ऐसा समझता है कि ऐसा आवश्यक है तो कार्यवाहियां बंद कमरे में संचालित की जा सकती है।

(4) यदि दोनों पक्षकारान लिखित में सम्मति देते हैं, तभी कार्यवाही खुले न्यायालय में की जा सकती है अन्यथा हर सूरत में बंद कमरे में ही की जानी चाहिए।

Which option is correct with relation to the proceedings conducted in camera, under the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005?

(1) All the proceedings must be in camera.

(2) This statement is not correct, all the proceedings must be conducted in open court.

(3) This is the question of the discretion of the court. If Magistrate thinks fit that it is necessary, then proceeding may be conducted in camera.

(4) If both the parties give consent in writing then proceedings can be conducted in open court otherwise it mandatorily be conducted in camera.

**60.** किसी गांव के सरपंच मोहन पर ग्राम सभा की सचिव सविता के साथ बलात्कार करने के अपराध का विचारण चल रहा था। सविता से प्रतिपरीक्षा में यह प्रश्न पूछा जाता है कि क्या अभियुक्त सरपंच बनने से पूर्व के सरपंच अमित के साथ उसके स्वेच्छया अवैध सम्बन्ध थे? ऐसा प्रश्न –

(1) अनुज्ञेय है

(2) लोक अभियोजक की पूर्व अनुमति से अनुज्ञेय है

(3) पूर्व सरपंच अमित की लिखित सहमति से अनुज्ञेय है

(4) अनुज्ञेय नहीं है

The Sarpanch of a village Mohan was being tried for Rape with the secretary of village assembly Savita. A question is asked to Savita during cross examination that did she voluntarily have illicit relation with ex-Sarpanch Amit? Such Question is -

(1) permissible

(2) permissible with prior permission of Public Prosecutor

(3) permissible with prior written permission of ex-Sarpanch Amit

(4) not permissible

**61.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 94 के अन्तर्गत सर्च वारण्ट जारी किया जाता है –

(1) केवल जिला मजिस्ट्रेट या सेशन न्यायाधीश द्वारा

(2) केवल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या सेशन न्यायाधीश द्वारा

(3) केवल जिला मजिस्ट्रेट, प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट या तहसीलदार द्वारा

(4) केवल जिला मजिस्ट्रेट, उपखण्ड मजिस्ट्रेट या प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा

Search warrant under Section 94 of the Code of Criminal Procedure, 1973 is issued by -

(1) District Magistrate or Sessions Judge only

(2) Chief Judicial Magistrate or Sessions Judge only

(3) District Magistrate, Magistrate of first class or Tehlisdar only

(4) District Magistrate, Sub-Divisional Magistrate or Magistrate of first class only

**62.** घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत पारित संरक्षण आदेश को भंग करने का अपराध ..................................

(1) असंज्ञेय एवं जमानतीय है।

(2) असंज्ञेय एवं अजमानतीय है।

(3) संज्ञेय एवं अजमानतीय है।

(4) संज्ञेय एवं जमानतीय है।

Offence of breach of a protection order passed under the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 is ............

(1) Non-Cognizable and Bailable.

(2) Non-Cognizable and Non-Bailable.

(3) Cognizable and Non-Bailable.

(4) Cognizable and Bailable.

**63.** किसी मामले में न्यायालय ने दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 70 के अन्तर्गत गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया जाता है। ऐसा वारण्ट प्रवर्तन में रहेगा –

(1) मामले की आगामी तिथि तक

(2) जब तक निष्पादित न कर दिया जाए या उसे जारी करने वाले न्यायालय द्वारा रद्द न कर दिया जाए

(3) मामले के अंतिम रूप से निस्तारित किए जाने तक

(4) वारण्ट पर हस्ताक्षर करने वाले पदाधिकारी के उस न्यायालय में पदस्थापित रहने तक

Court issues a Non Bailable Warrant under Section 70 of the Code of Criminal Procedure, 1973 in a matter. Such warrant shall remain in force -

(1) Till next date of hearing in the matter

(2) Till it is cancelled by the court which issued it or it is executed

(3) Till final disposal of the matter

(4) Till the officer signed the warrant remain posted in the court

**64.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 306 के प्रावधान निम्नलिखित में से किसको लागू नहीं होते हैं?

(1) अनन्यतः सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय कोई अपराध को

(2) तीन वर्ष तक की अवधि के कारावास से दण्डनीय अपराध को

(3) अनन्यतः दण्ड विधि संशोधन अधिनियम, 1952 (1952 का 46) के अधीन नियुक्त विशेष न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा विचारणीय कोई अपराध को

(4) ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो या अधिक कठोर दण्ड से दण्डनीय कोई अपराध को

In which of the following matter, Section 306 of the Code of Criminal Procedure, 1973 does not apply to?

(1) Any offence triable exclusively by the Court of Sessions
(2) Offence punishable with imprisonment of three years
(3) Any offence triable exclusively by Court of Special Judge appointed under the Criminal Law Amendment Act, 1952 (46 of 1952)
(4) Any offence punishable with imprisonment which may extend to seven years or with a more severe sentence

65. विशेष परिस्थितियों में एक घर को जेल घोषित किया जाकर सुरेश, रमेश एवं जगदीश को उस घर में न्यायिक अभिरक्षा में तीनों को रखा गया है। उस घर के चारों ओर सशस्त्र बलों का कड़ा पहरा है। जगदीश की हत्या हो जाती है जिसके लिए सुरेश और रमेश को अभियोजित किया जाता है। हत्या की कोई सीधी साक्ष्य नहीं मिलती है। अभियोजन पक्ष यह साबित करना चाहता है कि सशस्त्र बलों का पहरा होने के कारण किसी का भी उस घर में जाना सम्भव नहीं था एवं जगदीश की हत्या सुरेश व रमेश के अतिरिक्त किसी अन्य द्वारा किया जाना सम्भव ही नहीं था। यह तथ्य –

(1) सुसंगत है
(2) असंगत है
(3) ना तो सुसंगत है न असंगत है
(4) निश्चयात्मक सबूत है

Suresh, Ramesh and Jagdish are kept in judicial custody in a house, declared as Jail under special circumstances. There are stern guard of armed forces around the house. Jagdish is murderd, for which Suresh and Ramesh are prosecuted. Direct evidence of murder is not found. Prosecution wants to prove that entry of anybody was not possible due the guard of armed forces and commission of murder of Jagdish was not possible by anybody else, then Suresh and Ramesh. This fact is -

(1) relevant
(2) irrelevant
(3) neither relevant nor irrelevant
(4) a conclusive proof

66. रचित एवं विकास के मध्य पुरानी रंजिश है। विकास एक स्वचलित पिस्तोल लेकर रचित के घर उसकी हत्या कारित करने को जाता है तथा जाते ही उसके सिर पर पिस्तोल लगाकर कहता है कि तुने मुझे बहुत परेशान किया है आज तेरा जीवन समाप्त हो जाएगा। रचित अचानक विकास के हाथ से पिस्तोल छीन लेता है जिस पर विकास तुरन्त ही वहां से भागने लगता है। रचित भागते हुए विकास के उपर पिस्तोल से ताबड़तौड़ फायर करता है जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो जाती है। रचित ने क्या अपराध किया है?

(1) रचित ने अपनी आत्मरक्षा की है इसलिए कोई अपराध नहीं किया।
(2) रचित ने हत्या की श्रेणी में आने वाले आपराधिक मानव वध का अपराध कारित किया है।
(3) रचित ने हत्या की श्रेणी में नहीं आने वाले आपराधिक मानव वध का अपराध कारित किया है।
(4) रचित ने उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करने का अपराध किया है।

There is an old rivalry between Rachit and Vikas. Vikas goes to Rachit's house with an automatic Pistol to kill him. On reaching there, he puts the Pistol on his head and says you have troubled me a lot, today your life will end. Rachit suddenly snatcheds the Pistol from Vikas's hand. Upon which Vikas immediately starts running away from there. While running, Rachit fires several rounds of Pistol at Vikas, due to which he dies on the spot. What offence has Rachit committed?

(1) Rachit has self defend him therefore has not committed any offence.

(2) Rachit has committed the offence of culpable homicide amounting to muder.

(3) Rachit has committed the offence of culpable homicide not amounting to muder.

(4) Rachit has committed offence of causing death by negligence.

**67.** परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत फर्म के सम्बन्ध में "संचालक" से अभिप्रेत है –

(1) उस फर्म का कोई भागीदार

(2) उस फर्म का कोई भी कर्मचारी जो फर्म के कार्यकलापों में लिप्त हो

(3) उस फर्म का मैनेजर

(4) उपरोक्त सभी

Under the Negotiable Instruments Act, 1881, "Director" in relation to a firm means -

(1) A partner in the firm

(2) Any employee of the firm who is involved in the activities of the firm

(3) Manager of the firm

(4) All of the above

**68.** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत यथास्थिति, मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी, बालक का कथन .............................................. की उपस्थिति में बालक द्वारा बोले गये अनुसार अभिलिखित करेगा।

(1) विशेष लोक अभियोजक

(2) न्यायालय का रीडर

(3) बाल कल्याण समिति का सदस्य

(4) बालक के माता–पिता या ऐसा अन्य व्यक्ति जिसमें बालक का भरोसा या विश्वास हो

Under the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012, the Magistrate or the police officer, as the case may be shall record the statement as spoken by the child in the presence of ...............

(1) Special Public Prosecutor

(2) Reader of the Court

(3) Member of Child Welfare Committee

(4) Parents of the child or any other person in whom the child has trust or confidence

69. जयपुर में कारित हत्या के अपराध का विचारण गलती से जिला एवं सेशन न्यायाधीश दौसा द्वारा कर दिया जाता है तथा अपराधी को दोषसिद्ध घोषित कर दिया जाता है।
निम्न में से कौनसा कथन सही है?
(1) ऐसा विचारण एवं दोषसिद्धि गलत सेशनखण्ड में विचारण किए जाने के कारण अपने आप में ही शून्य है।
(2) ऐसा विचारण एवं दोषसिद्धि गलत सेशनखण्ड में विचारण किए जाने के कारण अपास्त किए जाने योग्य है।
(3) ऐसा विचारण एवं दोषसिद्धि केवल उस दशा में ही अपास्त किया जा सकता है जब यह प्रतीत होता हो कि गलती के कारण वस्तुतः न्याय नहीं हो पाया है।
(4) उपरोक्त में से कोई भी कथन सही नहीं है।

Trial of a murder committed in Jaipur, is inadvertently conducted by District and Sessions Judge, Dausa and the accused has been convicted.
Which of the following statement is correct?
(1) Such trial and conviction is void ab initio, due to the reason, it took place in wrong Sessions Division.
(2) Such trial and conviction is liable to be quashed due to the reason, it took place in wrong Sessions Division.
(3) Such trial and conviction can be quashed only in the condition when appears that such error has in fact occasioned a failure of justice.
(4) None of the above statement is correct.

70. महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के अधीन कार्यवाही करने के प्रयोजन से आंतरिक समिति को किसी व्यक्ति को समन करने या शपथ पर उसकी परीक्षा करने के सम्बन्ध वही शक्तियां होंगी, जो ..........
(1) किसी वाद का विचारण करते समय सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन किसी सिविल न्यायालय में निहित हैं।
(2) किसी वाद का विचारण करते समय भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन किसी सिविल न्यायालय में निहित हैं।
(3) किसी परिवाद का विचारण करते समय दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अधीन किसी दाण्डिक न्यायालय में निहित हैं।
(4) किसी परिवाद का विचारण करते समय भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन किसी फौजदारी न्यायालय में निहित हैं।

For the purposes of making an inquiry under Sub Section (1) of Section 11 of the Sexual Harrasment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013, the internal committee shall have the same powers for summoning of any person and examining him on oath, as ..........

(1) vested in a civil court under the Code of Civil Procedure, 1908 when trying a suit.

(2) vested in a civil court under the Indian Evidence Act, 1872 when trying a suit.

(3) vested in a criminal court under the Code of Criminal Procedure, 1973 when trying a complaint.

(4) vested in a criminal court under the Indian Evidence Act, 1872 when trying a complaint.

**71.** अशुद्ध शब्द है –

(1) अभ्यार्थी

(2) स्वातन्त्रय

(3) निरपराध

(4) उच्छ्वास

**72.** पारिभाषिकता की दृष्टि से सुमेलन नहीं है –

(1) विधिमान्य – VALID

(2) विधिपूर्वक – LAWFULLY

(3) विधिपूर्ण – VALIDATE

(4) विधिसम्मत – LEGITIMATE

**73.** 'अपने आप को स्वयं मारने वाला' वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द है –

(1) आत्मघात

(2) आत्महत्या

(3) आत्मबंचक

(4) आत्मघाती

**74.** संज्ञा से बनने वाला क्रिया रूप नहीं है –

(1) बतियाना

(2) अपनाना

(3) हथियाना

(4) स्वीकारना

**75.** तत्सम शब्द नहीं है –

(1) छटा

(2) मकर

(3) चीता

(4) बंधन

**76.** बहुवचन में यथावत् प्रयोग हेतु उपयुक्त शब्द वाला विकल्प है –

(1) लड़की

(2) प्राण

(3) घोड़ा

(4) बकरी

77. उपयुक्त विलोमता वाला विकल्प नहीं है –
(1) असूया – अनसूया
(2) अनिवार्य – निवार्य
(3) अभिज्ञ – भिज्ञ
(4) आर्द्र – अनार्द्र

78. किस विकल्प के सभी शब्द पुल्लिंग हैं?
(1) गुलाब, सेब, शरबत
(2) टकसाल, धनिया, शराब
(3) सौदामिनी, रुपया, संदूक
(4) मखमल, पुस्तक, मौसम

79. 'ईन' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है –
(1) कुलीन
(2) ग्रामीण
(3) शालीन
(4) प्रवीण

80. शुद्ध वाक्य है –
(1) देश में सर्वस्व शांति है।
(2) पुस्तक विद्वतापूर्ण लिखी गयी है।
(3) बजट के ऊपर बहस होगी।
(4) राष्ट्र की उन्नति और शक्ति उसकी एकता पर निर्भर है।

81. विस्मयादि बोधक चिह्न के अशुद्ध प्रयोग वाला विकल्प है –
(1) वाह ! तुम्हारे क्या कहने !
(2) हे ईश्वर ! सबका कल्याण हो।
(3) भगवान ! तुम्हारा भला करे !
(4) वाह ! कितना अच्छा गीत गाया तुमने !

82. 'अनु' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है –
(1) अन्वेषण
(2) अनुपस्थित
(3) अन्वय
(4) अनुष्ठान

83. "दाल में कुछ गिर गया है।" वाक्य में 'कुछ' शब्द में सर्वनाम का प्रकार है –
(1) अनिश्चयवाचक
(2) निश्चयवाचक
(3) प्रश्नवाचक
(4) संबंधवाचक

84. व्यंजन सन्धि से निर्मित शब्द–रूप नहीं है –
(1) सुषुप्ति
(2) शरच्चन्द्र
(3) वाङ्मय
(4) समुद्रोर्मि

85. 'दमड़ी की सुर्द, सवा मन मलीदा' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है –

(1) थोड़े से लाभ के लिए बहुत अधिक खर्च करना

(2) छोटी से वस्तु के लिए बेईमानी करना

(3) खुशामद से प्रसन्न होना

(4) जरा से काम को बहुत बढ़ाकर दिखाना

86. Choose the correct passive of the following sentence.

We ought to keep our surroundings clean.

(1) Clean surroundings ought to be kept.

(2) Our surroundings ought to be kept clean.

(3) Keep the surroundings clean.

(4) Ought we to keep our surroundings clean.

87. Choose the correct option to fill in the blank with the model auxiliaries suitable to the meaning indicated in the bracket.

I ............. punish you if you don't behave yourself. (Threat)

(1) may

(2) will

(3) dare

(4) might

88. "Tell me where you live"

In the given sentence, Noun Clause is used as -

(1) Subject to verb

(2) Object of a Transitive verb

(3) Object of a Preposition

(4) Complement of a Verb of incomplete predication

89. Fill in the blank with correct form of verb.

He ............. in his father's firm till his father died.

(1) stay

(2) had stayed

(3) will stay

(4) stayed

90. Fill in the blank with suitable Article/Determiner.

The Economist is ............. magazine.

(1) an

(2) a

(3) the

(4) Zero Article

91. Synonym of 'Impeccable' is:

(1) Flawless

(2) Fearful

(3) Furious

(4) Fictitious

92. Fill in the blank with suitable Article/Determiner.
............. of the staff can speak Japanese.
(1) Each
(2) Some
(3) Any
(4) Either

93. Fill in the blank with suitable Article/Determiner.
............. beauty of Cleopatra is famous all over the world.
(1) A
(2) An
(3) The
(4) Those

94. Antonym of the 'Prospect' is:
(1) Introspect
(2) Inspect
(3) Retrospect
(4) Suspect

95. Fill in the blank with correct form of verb.
The builders say they ............. the roof by Tuesday.
(1) finish
(2) will have finished
(3) will finished
(4) finishing

96. Choose the option which is the correct Indirect Transformation of the sentence given below.
He said, "Alas! I have lost my mobile phone."
(1) He exclaimed with sorrow that I have lost my mobile phone.
(2) He exclaimed with sorrow whether he has lost his mobile phone.
(3) He exclaimed with sorrow that he had lost his mobile phone.
(4) He exclaimed with sorrow whether he had lost his mobile phone.

97. Complete the sentence with the correct phrasal verb/Idiom from the option given below.
My plans to go to Germany ............. because the journey tuned out to be very exorbitant.
(1) fell in
(2) fell through
(3) fall behind
(4) fall out

98. Fill in the blank with correct form of verb.
I ............. all my childhood in Denmark.
(1) had spenting
(2) will have spent
(3) will spending
(4) spent

99. Complete the sentence with the correct phrasal verb/Idiom from the option given below.

He always ............. his rivals.

(1) runs down

(2) run up to

(3) run through

(4) run for

100. Choose the corrent Passive Transformation of the given sentence.

We have already given him a notice to vacate our house.

(1) He has already been given a notice to vacate our house.

(2) He has already given a notice to vacate our house.

(3) He has already given a notice to be vacated our house.

(4) He was already been given a notice for the house to be vacated by him.

*********